# Daily Current Affairs- 14/12/20

## 1. बिहार में सोन नदी पर 1.5 किमी लंबे कोइलवर पुल का उद्घाटन।



- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी ने बिहार में सोन नदी पर 1.5 किमी लंबे 6 लेन कोइलवर पुल का उद्घाटन किया।
- पुल का उद्देश्य NH-922 और NH-30 पर यातायात को कम करना है।

## 2. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय भारती महोत्सव 2020 को संबोधित किया




- यह उत्सव वनविल सांस्कृतिक केंद्र द्वारा तमिल कवि और लेखक, महाकवि सुब्रमण्य भारती की 138 वीं जयंती मनाने के लिए आयोजित किया गया था।
- विद्वान श्री सीनी विश्वनाथन ने भारती पुरस्कार 2020 प्राप्त किया।
- **नोट: भारती अवार्ड** 1994 में वनविल कल्चरल सेंटर द्वारा स्थापित किया गया था। हर साल इसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने सामाजिक प्रासंगिकता के किसी भी क्षेत्र में प्रशंसनीय सेवा की है और इस तरह भारती के सपनों को पूरा करने की दिशा में काम किया है।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

### 3. कैबिनेट ने सार्वजनिक वाई-फाई (Wi-Fi) नेटवर्क की स्थापना को मंजूरी दी



- कैबिनेट ने **'PM-WANI' (प्राइम मिनिस्टर वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफ़ेस)** के अंतर्गत सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क स्थापित करने को मंजूरी दी जिससे किसी भी लाइसेंस शुल्क के लेवी के बिना सार्वजनिक डेटा कार्यालयों के माध्यम से सार्वजनिक वाई-फाई सेवा प्रदान किया जा सके।
- इस योजना से छोटे दुकानदार वाई-फाई सेवा प्रदान कर सकेंगे। इससे आय में वृद्धि होगी और साथ ही युवाओं को निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलेगी। यह हमारे डिजिटल इंडिया मिशन को भी मजबूत करेगा।

### 4. लक्षद्वीप 100% जैविक बनने के लिए पहला केन्द्र शासित प्रदेश घोषित




- भारत के सहभागी गारंटी प्रणाली (PGS) के तहत लक्षद्वीप को एक जैविक कृषि क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया है।
- **जैविक खेती** फसल और पशुधन उत्पादन की तकनीक है जिसमें फसलों को उगाने के लिए कीटनाशकों, उर्वरकों, आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों, एंटीबायोटिक्स और वृद्धि हार्मोन का उपयोग नहीं करना शामिल है।
- **सहभागी गारंटी प्रणाली (PGS):** यह एक प्रक्रिया है जो जैविक उत्पादों को प्रमाणित करती है। प्रमाणीकरण कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित अधिकारियों द्वारा जारी एक प्रलेखित लोगो या एक बयान है।
- **नोट:** सिक्किम 2016 में भारत का पहला 100 प्रतिशत जैविक राज्य बन गया था।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

5. **फोर्ब्स 2020 दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची**




- $1^{st}$ रैंक- जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल
- $2^{nd}$ रैंक- अध्यक्ष, यूरोपीय सेंट्रल बैंक क्रिस्टीन लेगार्ड
- $3^{rd}$ रैंक- अमेरिकी उपराष्ट्रपति-चुनाव कमला हैरिस
- $41^{st}$ रैंक- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण
- $55^{th}$ रैंक- HCL एंटरप्राइज CEO रोशनी नादर मल्होत्रा
- $68^{th}$ रैंक- बायोकॉन संस्थापक किरण मजूमदार शॉ

- **नोट:** फोर्ब्स एक अमेरिकी व्यापार पत्रिका है, जो इंटीग्रेटेड व्हेल मीडिया इन्वेस्टमेंट और फोर्ब्स फैमिली के स्वामित्व में है। इसके प्रधान संपादक स्टीव फोर्ब्स हैं।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests




**6. राज कमल झा ने रवीन्द्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार 2020 प्राप्त किया**

- भारतीय पत्रकार-लेखक राज कमल झा को उनके उपन्यास 'द सिटी एंड द सी' के लिए रवींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया।
- झा की किताब दिसंबर 2012 के निर्भया बलात्कार और हत्या के मामले पर आधारित है।
- **नोट: रबींद्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार** की स्थापना 2018 में अमेरिका स्थित प्रकाशक बुंडालो द्वारा की गई थी। पुरस्कार विश्व शांति, साहित्य, कला, शिक्षा और मानव अधिकारों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

gradeup

**7. सरकार, देश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक हजार खेलो इंडिया लघु केंद्र शुरू करेगी**




- 10 वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट, TURF 2020 को संबोधित करते हुए, केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री किरण रिजिजू ने घोषणा की कि सरकार सेवानिवृत्त खेल व्यक्तियों को रोजगार पाने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने में मदद करने के लिए पूरे देश में 1000 खेलो इंडिया केंद्र शुरू करेगी।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests

- **नोट:** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय (MYAS) के सहयोग से FICCI ने 8-9 दिसंबर को इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन बिज़नस ऑफ़ स्पोर्ट्स एंड फिटनेस 10 वीं TURF 2020 वर्चुअल एडिशन का आयोजन किया था।

**8. बजरंग पूनिया (पहलवान) और एलावेनिल वलारिवन (निशानेबाज़) को FICCI इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2020 में "स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ़ द इयर" से सम्मानित किया गया**



- खेल पुरस्कार उद्योग निकाय, FICCI द्वारा खिलाड़ियों और विभिन्न हितधारकों के योगदान को स्वीकार करने और पहचानने का एक प्रयास है, जो पूरे वर्ष उत्कृष्ट परिणाम प्रदान करते हैं।
- **नोट:** मध्य प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य प्रचारक खेल पुरस्कार और क्रिकेट दिग्गज अनिल कुंबले को सर्वश्रेष्ठ कंपनी प्रचारक खेल (निजी क्षेत्र) का पुरस्कार मिला।

**9. कर्नाटक के प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान और कन्नड़ कवि बन्नंजय गोविन्दाचार्य का निधन**

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests



- 2009 में पद्म श्री से सम्मानित, गोविंदाचार्य 13 वीं शताब्दी के एक दार्शनिक और धर्मशास्त्री श्री माधवाचार्य के संपूर्ण ग्रंथों पर उनके अनुवाद और टिप्पणियों के लिए व्यापक रूप से जाने जाते थे।
- संस्कृत से कन्नड़ में कई साहित्यिक कृतियों का अनुवाद करने के अलावा, बन्नंजय गोविंदाचार्य ने लगभग 150 पुस्तकें लिखीं। उनकी रचनाएं दुनिया भर में तुलुवास और कन्नादिगास के बीच लोकप्रिय हैं।

## 10. 14 दिसंबर, राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस




- ऊर्जा संरक्षण दिवस 1991 के बाद से हर साल 14 दिसम्बर को लोगों को ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करने और ऊर्जा संसाधनों को बचाने की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- **नोट:** भारत ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 में ऊर्जा मंत्रालय के तहत ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा लागू किया गया था। BEE एक संवैधानिक निकाय है जो भारत सरकार के तहत ऊर्जा के उपयोग को कम करने की रणनीति और नीतियों के विकास में मदद करता है ।

Gradeup Bihar State Exams Green Card Subscription
(BPSC, Bihar SI, Bihar SSC etc.)
Get unlimited access to all 40+ mock tests